# K.M. Sugar Mills Ltd.

Factory & Works: P.O Motinagar-224201, Dist. Ayodhya(U.P)
Phone :7571000692,Email :- director@kmsugar.com
CIN No.:L15421UP1971PLC003492 GSTIN No.:09AAACK5545P1ZZ

Date: 07.08.2023

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange Of India Limited.**<br>**Exchange Plaza,C-1,Block-G,**<br>**Bandra Kurla Complex ,Bandra (E),**<br>**Mumbai-400051**<br>**Phone No.022-26598100** | **Bombay Stock Exchange Limited,**<br>**27th Floor, Phiroze Jejeebhoy Tower,**<br>**Dalal Street ,Fort ,Mumbai-400001**<br>**Phone No.022-22728527**<br>**Bandra (E),Mumbai-400051** |
| **Scrip Code: INE157h01023** | **Scrip Code:532673** |

Dear Sirs,

***Sub: Newspaper Publication of Un-Audited (Standalone and consolidated) Financial Results Published of Quarter ended 30th June, 2023 on 06th August, 2023.***

We submit herewith copies of the Newspaper Publication of Un-Audited (Standalone and consolidated) Financial Results Published of Quarter ended 30th June, 2023 approved in the Board meeting held on 05th August, 2023 in Financial Express and Rashriya Sahara on 06th August, 2023 in terms of Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

This is for your information and records.
Thanking you.

Your's faithfully,
For **K M Sugar Mills Limited,**

Pooja Dua
Digitally signed by Pooja Dua
Date: 2023.08.07 14:16:44 +05'30'

Pooja Dua
**Company Secretary-cum-Compliance officer**

मनचलों को बर्दाश्त नहीं करेंगे, सख्त कार्रवाई होगी।

—— अशोक गहलोत, सीएम, राजस्थान

## संक्षिप्त खबरें

### डेंगू के दो नये केस दर्ज

**कानपुर।** नगर में डेंगू का हमला जारी है। शनिवार को दो लोगों में डेंगू की पुष्टि की गयी है। इसमें एक उरई जनपद व दूसरा फौजी मार्केट चौबेपुर का है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत मलेरिया इकाई की टीमों ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के 712 घरों का सर्वे किया, जिसमें 14 घरों में डेंगू के लार्वा मिले। मलेरिया की टीमों ने शहरी क्षेत्र में कराची खाना, मथुरी मोहाल, बेनाझाबर में 602 घरों का सर्वे किया। इनमें 7 घरों में डेंगू के लार्वा मिले। ग्रामीण क्षेत्र में कल्याणपुर ब्लाक के बगदौधी मंधना, फौजी मार्केट चौबेपुर में 110 घरों का सर्वे हुआ, जिसमें 7 घरों में डेंगू के लार्वा नष्ट किये गये। सर्वे में 16 मरीजों में डेंगू व 92 मरीजों में मलेरिया बुखार के लक्षण मिले।

### 20 लोगों ने किया रक्तदान

**कानपुर।** खत्री धर्मशाला लालबंगला में शनिवार को संकल्प सेवा समिति व श्री कंस्ट्रक्शन एंड इंटीरियर के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान कैंप लगाया गया। कैंप में आईएमए चैरिटेबल ब्लड बैंक की टीम ने 20 यूनिट रक्त जमा किया। रक्तदान करने वालों में प्रखर श्रीवास्तव, सौरभ त्रिपाठी, अरिंदम विस्वास आदि थे। समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि यह 139 रक्तदान शिविर लगाया गया है। *(एसएनबी)*

# मणिपुर हिंसा पर संयुक्त विपक्ष का प्रदर्शन

**सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग**

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर।**

मणिपुर में हुई हिंसा को लेकर संयुक्त विपक्षी मोर्चा ने विरोधप्रदर्शन किया। यहां मणिपुर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सभी दलों के लोगों ने मणिपुर हिंसा को लेकर भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए सरकार से इस्तीफे की मांग की।

संयुक्त विपक्षी मोर्चा ने शनिवार को नानाराव पार्क में स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर धरनाप्रदर्शन किया। मणिपुर कांड को लेकर राष्ट्रपति को पुलिस कमिश्नरेट के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन लेने एसीपी. कोतवाली रंजीत कुमार धरना स्थल आंबेडकर प्रतिमा लेने आए। धरने पर नेता सरकार विरोधी प्लेकार्ड लेकर बैठे थे, जिसमें 'मणिपुर में मरने वालों के परिवार को मुआवजा व नौकरी दो' 'मणिपुर सरकार को बर्खास्त करो-राष्ट्रपति शासन लगाओ' आदि नारे लिखे थे। धरने में कांग्रेस, सपा, रालोद, सीपीएम, आप, सीपीआई, राजद, एनसीपी, मुस्लिम लीग, सीपीएमएल (माले) तथा फॉरवर्ड ब्लॉक के अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष तथा प्रतिनिधि मौजूद थे। राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा गया कि मणिपुर राज्य में विगत चार मई को घटित दुर्भाग्यपूर्ण एवं बर्बरता पूर्ण घटना की ओर आकर्षित करना चाहते हैं कि मणिपुर में महिलाओं के साथ जो गणित घटना हुई है वह मानवता को शर्मसार करने वाली है। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एवं मणिपुर सरकार ने इतनी बड़ी मानवीय त्रासदी को मूकदर्शक बनकर होने दिया। लोग घरों से पलायन करने के लिए मजबूर हैं। मणिपुर हिंसा में दूसरे पूर्वोत्तर राज्यों में भी तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर दी है। बड़े अफसोस की बात है कि मणिपुर में बढ़ रहे संवैधानिक संकट पर संसद के दोनों सदनों में अभी तक कोई सकारात्मक चर्चा नहीं हुई है और न ही देश के प्रधानमंत्री ने सदन की कार्रवाई में शामिल होकर अपना वक्तव्य दिया। ज्ञापन में मांग की गयी कि मणिपुर में सरकार को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। साथ ही उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई जाए, जिससे मणिपुर नरसंहार की निष्पक्ष जांच हो सके। मणिपुर में महिलाओं, आदिवासी, दलितों तथा गरीब के साथ हो रहे उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाई जाए। मणिपुर हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों को उचित मुआवजा, नौकरी मुहैया कराई जाए। धरने का संचालन मोर्चा के संयोजक श्री सुरेश गुप्ता ने किया। धरने में सपा विधायक अमिताभ बाजपेई, मोहम्मद हसन रूमी, नौशाद आलम मंसूरी, आलोक मिश्र, अमित पांडे, अनुज शुक्ला, महेश मेघानी आदि मौजूद रहे।



नानाराव पार्क आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर धरना देते संयुक्त विपक्षी मोर्चा के सदस्य। फोटो : एसएनबी

# 'कारखानों में ऑनलाइन पंजीयन की उपलब्ध कराई जाए सुविधा'


श्रम आयुक्त कार्यालय में समीक्षा बैठक करते प्रमुख सचिव श्रम, साथ में मौजूद श्रम आयुक्त, अपर श्रम आयुक्त व अन्य। फोटो : एसएनबी

**प्रमुख सचिव श्रम ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश**

**कानपुर (एसएनबी)।** प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार (तृतीय) ने कहा कि कारखानों में शीघ्र ही ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही क्षेत्रीय कार्यालयों में निरीक्षण कराए जाने के साथ श्रम आयुक्त कार्यालय में ई-ऑफिस पूर्ण रूप से शुरू कराये जाने के निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार (तृतीय) की अध्यक्षता में श्रम आयुक्त कार्यालय शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसमें श्रम आयुक्त अमित गुप्ता, अपर श्रमायुक्त सौम्या पांडे व उप श्रम आयुक्त अंजू वर्मा के साथ विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों ने बैठक में प्रतिभाग किया। सबसे पहले प्रमुख सचिव श्रम, श्रम आयुक्त व अपर श्रमायुक्त द्वारा कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इसके बाद बैठक में श्रम आयुक्त एवं अपर श्रमायुक्त द्वारा प्रमुख सचिव श्रम का स्वागत करते हुए बैठक शुरू की गयी। बैठक में प्रमुख सचिव श्रम द्वारा अपर श्रमायुक्त को विभाग के विभिन्न क्रियाकलापों व सॉफ्टवेयर में नियमावलियों की मॉनीटरिंग अपने स्तर से कराये जाने के लिए कहा गया। प्रमुख सचिव श्रम द्वारा श्रम विभाग के अधिकारियों से प्रोन्नति में और अपर श्रमायुक्त तथा संयुक्त श्रम आयुक्त का पदनाम से पद नामित किए जाने तथा कैडर रिव्यू किए जाने के लिए भी अपर श्रमायुक्त को निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कारखानों में ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही क्षेत्रीय कार्यालयों में निरीक्षण कराए जाने के साथ श्रम आयुक्त कार्यालय में ई-ऑफिस पूर्ण रूप आरम्भ कराए जाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद अपर श्रमायुक्त ने बताया कि विभाग में मासिक प्रगति विवरण के लिए ऑनलाइन सॉफ्टवेयर पूर्ण करा लिया गया है। अगस्त माह से सभी सूचनाएं ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जाएंगी।

ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा को भी विशेष प्राथमिकता देते हुए इसे भी शीघ्र ही आरम्भ किया जाएगा। बैठक में अपर श्रमायुक्त डीके सिंह, सरजू राम, उप श्रम आयुक्त कल्पना श्रीवास्तव ,अजय मिश्रा ,शमीम अख्तर, गौरव कुमार, सहायक श्रम आयुक्त राजीव मिश्रा ,अविनाश चंद्र तिवारी, उप निदेशक कारखाना आदि मौजूद रहे।

# बकरे की आंख में ग्लूकोमा वॉल्व लगाना सिखाया



नेत्र रोग विभाग में ग्लूकोमा वॉल्व कार्यशाला का दीप जलाकर शुभारंभ करते प्राचार्य डॉ. संजय काला व अन्य। फोटो : एसएनबी

**अमेरिका से प्रशिक्षित टीम ने कार्यशाला में दिया वॉल्व लगाने का प्रशिक्षण**

**हैलट में बड़े पैमाने पर हो सकेगी ग्लूकोमा के गंभीर मरीजों की सर्जरी**

**कानपुर (एसएनबी)।** जीएसवीएम मेडिकल कालेज के नेत्ररोग विभाग में शनिवार को ग्लूकोमा वॉल्व सर्जरी पर कार्यशाला हुई। अमेरिका से प्रशिक्षित विशेषज्ञों की टीम ने यहां के रेजीडेंट डॉक्टर व सीनियर नेत्र विशेषज्ञों को बकरे की आंख में ग्लूकोमा वॉल्व लगाने का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. संजय काला, उप प्राचार्य डॉ. रिचा गिरि, नेत्ररोग विभागाध्यक्ष डॉ. शालिनी मोहन ने दीप जलाकर किया।

कार्यशाला में नेत्ररोग विभागाध्यक्ष डॉ. शालिनी मोहन ने बताया कि ग्लूकोमा के ऐसे गंभीर मरीज जिनकी विजन कम होने लगती है। उनमें वॉल्व लगाया जाता है। ग्लूकोमा के हर केस में इसका प्रयोग नहीं होता है। ग्लूकोमा के गंभीर केस में वॉल्व को छोटा चीरा लगाकर पलकों के अंदर डालते हैं। वॉल्व में एक छोटा पाइप लगा होता है जो आंखों के पानी को तुरंत सोख लेता है। इससे आंखों में प्रेशर नहीं पड़ता है और विजन ठीक हो जाता है। वॉल्व लगाने की सर्जरी में आधा घंटा लगता है। सुबह ऑपरेशन कर शाम तक मरीज को डिस्चार्ज कर दिया जाता है। हालांकि बाद में फालोअप के लिए मरीज को आना पड़ता है। उनके मुताबिक यह सर्जरी पहले अमेरिका में होती थी। बाद में भारत में होने लगी। यहां पर अभी तक अमेरिका की डिवाइस यानी वॉल्व प्रयोग हो रहे थे, जो काफी महंगे पड़ते हैं। अब देश में ही वॉल्व बनने लगे हैं जो तीन गुना सस्ते हैं। कार्यशाला में दिल्ली से आयी डॉ. मतीन अहमद की टीम ने 25 से अधिक डॉक्टरों को वॉल्व लगाने का तरीका सिखाया गया। प्रशिक्षण लेने के बाद अब हैलट में बड़े पैमाने पर ग्लूकोमा वॉल्व की सर्जरी हो सकेगी। अभी तक डॉ. शालिनी मोहन ही इसकी सर्जरी कर रही थीं। उन्होंने साल 2010 से लेकर अब तक 49 मरीजों में ग्लूकोमा वॉल्व की सर्जरी की है। प्रशिक्षण में शहर के निजी डॉक्टरों ने भी भाग लिया। कार्यशाला में डॉ. सूरज मिश्रा, डॉ. नम्रता पटेल, डॉ. पारुल सिंह, डॉ. दिलजीत सिंह, डॉ. गौरव, डॉ. लोकेश अरोरा, डॉ. एकता अरोरा, डॉ. नेहा शामिल थे। प्रशिक्षण लेने के बाद ग्लूकोमा वाल्व के अविष्कारक डॉ. मतीन अहमद ने डॉक्टरों को प्रमाण पत्र दिये। यहां डॉ. परवेज खान, हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह आदि थे।

## कार्डियोलॉजी में फायर सेफ्टी के इंतजाम की खुली पोल

**कानपुर (एसएनबी)।** शुक्रवार देर शाम कार्डियोलॉजी रावतपुर में आग लगने की घटना ने फायर सेफ्टी के इंतजाम की पोल खोल दी है। शार्ट सर्किट से एसी पैनल में आग लगने पर यहां लगे स्मोक डिटेक्टर, स्प्रिंकलर व अलार्म की हकीकत सामने आ गयी। न अलार्म बजा न ही स्प्रिंकलर चले। शुक्र है कि थोड़ी देर में आग बुझ गयी। धुआ भरने से मरीजों को एचडीयू से निकाल कर आईसीसीयू में शिफ्ट किया गया था।

शुक्रवार को कार्डियोलॉजी में सेंट्रल एसी के पैनल में शार्ट सर्किट से आग लग गयी थी। धुआ भरने से ग्राउंड फ्लोर में स्थित एचडीयू में हड़कम्प मच गया। तीमारदार अपने मरीजों को लेकर बाहर आ गये। यहां के 17 मरीजों को आईसीसीयू व अन्य वार्ड में शिफ्ट किया गया। आग काबू में आ चुकी थी। कार्डियोलाजी में पहले भी आग लगने की घटना हो चुकी है। संस्थान में फायर सेफ्टी के बेहतर इंतजाम नहीं किये गये। दूसरी घटना के दौरान संस्थान में अलार्म नहीं बजा। स्मोक डिटेक्टर ने भी काम नहीं किया। मौके से इलेक्ट्रिशियन भी गायब था। सात बजे जब वह आया तो आग बुझ चुकी थी। निदेशक डा. राकेश कुमार वर्मा का कहना है कि संस्थान में फायर सेफ्टी सिस्टम लगाने का कार्य चल रहा है। 75 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। घटना की जांच के लिए जांच कमेटी बना दी गयी है।

## हैलट : सिर में 5 सेमी घुसी चाकू निकाल बचायी जान

**कानपुर (एसएनबी)।** हैलट के डॉक्टरों ने एक युवक के कान के ऊपर दिमाग में घुसी चाकू सफलतापूर्वक बाहर निकाल कर जान बचा ली। अकबरपुर थाना क्षेत्र में विवाद के दौरान युवक को चाकू मारी गयी थी। शनिवार की सुबह अकबरपुर कानपुर देहात निवासी (36) वर्षीय दिनेश चौहान पुत्र भीखम सिंह गंभीर हालत में हैलट इमरजेंसी में भर्ती हुआ था। युवक के कान के पास चाकू का नुकीला हिस्सा दिमाग में धंसा हुआ था। ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. एसके कनौजिया की मौजूदगी में डा. हरेंद्र गौतम, डा. अमृता श्रीवास्तव, डा. सौरभ सक्सेना, डा. मनोज व डा. विवेक की टीम ने उसका ऑपरेशन किया। डा. सौरभ सक्सेना ने बताया कि युवक के सिर पर पांच सेमी चाकू घुसा था। चाकू को बिना हिलाये ढुलाये सीधे बाहर निकाला गया। जरा सी चूक होने पर आसपास की नसें क्षतिग्रस्त हो सकती थीं। इससे लकवा व जान का खतरा था। ऑपरेशन दो घंटे चला।


**कार्यालय महाप्रबन्धक**
**जलकल विभाग, नगर निगम कानपुर**

पत्रांक-जलकल/29/निविदा प्रकाशन/2023-24 दिनांक-05.08.2023

**-: निविदा सूचना :-**

*जलकल विभाग नगर निगम, कानपुर में जोन-(वि./नि.) के अन्तर्गत निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती है।*

अल्पकालीन निविदा पद्धति से आमंत्रित निविदाओं की संख्या-01
निविदा डालने की अन्तिम तिथि 11.08.2023 की अपरान्ह 02.00 बजे
अल्पकालीन निविदा पद्धति से आमंत्रित निविदाओं की संख्या-03
निविदा डालने की अन्तिम तिथि 11.08.2023 की अपरान्ह 02.00 बजे

*जलकल विभाग नगर निगम, कानपुर में जोन-(मुख्यालय) के अन्तर्गत निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती है।*

अल्पकालीन निविदा पद्धति से आमंत्रित निविदाओं की संख्या-10
निविदा डालने की अन्तिम तिथि 11.08.2023 की अपरान्ह 02.00 बजे
अल्पकालीन निविदा पद्धति से आमंत्रित निविदाओं की संख्या-03
निविदा डालने की अन्तिम तिथि 11.08.2023 की अपरान्ह 02.00 बजे

*जलकल विभाग नगर निगम, कानपुर में जोन-6 के अन्तर्गत निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती है।*

अल्पकालीन निविदा पद्धति से आमंत्रित निविदाओं की संख्या-02
निविदा डालने की अन्तिम तिथि 09.08.2023 की अपरान्ह 02.00 बजे
अल्पकालीन निविदा पद्धति से आमंत्रित निविदाओं की संख्या-03
निविदा डालने की अन्तिम तिथि 17.08.2023 की अपरान्ह 02.00 बजे

उपरोक्तानुसार आमंत्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक-पृथक विवरण वेबसाइट *etender.up.nic.in* पर एवं जलकल विभाग की वेबसाइट *jalkalkanpur.in* पर देखी जा सकती है तथा निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते सम्बन्धित जोन के अधिशासी अभियन्ता कार्यालय में देखी जा सकती है।

**सचिव**
**जलकल विभाग नगर निगम, कानपुर**

कृपया अपने जलकर/सीवर कर, जल मूल्य के बिलों का आनलाइन भुगतान *jalkalkanpur.in* पर करें।



**OFFICE OF THE CANTONMENT BOARD, KANPUR**
64, Subhas Chandra Bose Marg, Cantt Kanpur -208004
**NOTICE INVITING TENDER**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Online tender through two bid system are invited from experienced firms through the Government e-procurement https://defproc.gov.in/nicgep/app. The details of tender is as under.

| S No | NIT NO. | Name of work and location | Last Date of Uploading Tender | Estimated cost of tender (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CBK/Engg/K- 967/1 | Provision of Drain Connection with Catch Pits and Converting of Open Drain into Surface Drain Swacch Bharat Abhiyan in Cantt Area. | 28-08-2023 | 1,00,00,000/- |
| 2 | CBK/Engg/K- 967/2 | Repair of Handpump Submersible Pump and other Misc. Work. | 28-08-2023 | 48,00,000/- |
| 3 | CBK/Engg/K- 967/3 | Providing and laying Mastic and Bitumastic wearing Cantt Fund Road. | 28-08-2023 | 48,00,000/- |
| 4 | CBK/Engg/K- | Provision of Water Body. | 28-08-2023 | 18,00,000/- |

The detail may be obtain from https://kanpur.cantt.gov.in and https://defproc.gov.in/nicgep/app.

पत्रांक- सीबीके/इंजी./के-967/ दिनांक- 05.08.2023

(Anuj Goel) IDES, CEO, Kanpur Cantt


### स्व. दरियाबादी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**कानपुर।** पूर्व विधायक स्व. लालता प्रसाद दरियाबादी की लाटूश रोड पर स्थापित प्रतिमा को शनिवार को अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने दूध और गंगा जल से नहला कर माल्यार्पण किया।

# किसी भी बीमारी में मां शिशु को करा सकती है स्तनपान

**शहर के स्कूलों व अस्पतालों में चलाया गया स्तनपान पर जागरूकता कार्यक्रम**

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर।**

किसी भी बीमारी में माता का दूध शिशु के लिए प्रतिबंधित नहीं है। संक्रमण होने की सूरत में माता को मास्क लगाकर व साबुन से हाथ धोकर स्तनपान कराना चाहिए। विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत शनिवार को भारतीय बालरोग अकादमी नगर शाखा (आईएपी), नियोनेटोलॉजी एसोसिएशन ने नगर के विभिन्न स्कूलों में स्तनपान जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें बालरोग व स्त्रीरोग विशेषज्ञों ने मां के दूध के महत्व बताये।

केशवपुरम के स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पचास माताओं को स्तनपान के प्रति जागरूक किया गया। स्त्रीरोग विशेषज्ञ डा. निधि भटनागर ने कहा कि किसी भी बीमारी में मां दूध पिला सकती है। कामकाजी महिलाएं अपना दूध निकाल कर फ्रिज में रख सकती हैं। यह 24 घंटे सुरक्षित रहता है। डॉ. जेके गुप्ता ने बताया कि मां का पहला दूध कोलोस्ट्रम पहली वैक्सीन कहा जाता है। इसमें बीमारी से बचाने के लिए एंटीबॉडीज होती हैं। बोतल का दूध पिलाने से डायरिया, निमोनिया, एलर्जी व दमा का खतरा रहता है। इस मौके पर प्रबंधक शेखर सेन व प्रधानाचार्य अवंतिका सेन मौजूद थीं।

वहीं एक अन्य अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में डा. एलके निगम ने बताया कि मां के दूध में सभी पौष्टिक तत्व पर्याप्त मात्रा में होते हैं। इससे शरीर व दिमाग का विकास तेजी से होता है। डा. वैभव नाथ भल्ला ने बताया कि स्तनपान से हर साल कई बच्चों की जानें बचायी जा सकती हैं। डा. धीरेंद्र कुमार ने बताया कि मां का दूध अनमोल है। मेडिकल कालेज के बालरोग विभागाध्यक्ष व आईएपी सचिव डा. अरुण कुमार आर्य ने बताया कि मां का दूध प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। मां दूध बच्चे को गम्भीर बीमारियों से बचाता है। यह जच्चा बच्चा दोनों को रोगों से बचाता है। कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ व माता पिता ने भाग लिया। एक पीजी कालेज में आईएपी के जागरूकता कार्यक्रम में सचिव डॉ. अरुण कुमार आर्य, डा. रेनू गुप्ता व डा. विवेक सक्सेना ने स्तनपान के महत्व बताये। छात्राओं के लिए पोस्टर प्रतियोगिता हुई। रैली भी निकाली गयी। यहां प्राचार्य डा. दीप्ति सुनेजा, अजय खन्ना, डा. हरप्रीत कौर, डा. कंचन पायल, डा. ज्योति श्रीवास्तव, डा. आरती बाजपेयी व अन्य शिक्षिकाएं मौजूद थीं। संचालन सोनिया खन्ना व आभार सुरिन्दर कौर ने व्यक्त किया।


**K.M. SUGAR MILLS LIMITED**
CIN No.:L15421UP1971PLC003492
Regd. Office:11, Moti Bhawan, Collectorganj, Kanpur-208 001 (U.P.)
email: kmsugar@gmail.com, website: www.kmsugar.com
Phone: Regd. Office: 0512-2310762, Branch Office: 0522-4079561

**Extract of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter ended June 30, 2023**

(Rs. in lakhs, except EPS data)

| Sl. No. | Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended 30.06.2023 (Unaudited) | Quarter Ended 30.06.2022 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2023 (Audited) | Quarter Ended 30.06.2023 (Unaudited) | Quarter Ended 30.06.2022 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2023 (Audited) |
| 1. | Total income from operations | 25,228 | 13,867 | 58,689 | 25,228 | 13,867 | 58,689 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period/year (before tax & exceptional items) | 1,672 | 472 | 3,133 | 1,672 | 472 | 3,133 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period/year before tax (after exceptional items) | 1,672 | 472 | 3,133 | 1,672 | 472 | 3,133 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period/year after tax (after exceptional items) | 1,219 | 338 | 2,321 | 1,219 | 338 | 2,321 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period/year [Comprising Profit/(Loss) for the period/year (after tax) & Other Comprehensive Income (after tax)] | 1,219 | 338 | 2,293 | 1,219 | 338 | 2,293 |
| 6. | Equity share capital | 1,840 | 1,840 | 1,840 | 1,840 | 1,840 | 1,840 |
| 7. | Other Equity | | | 25,686 | | | 25,686 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs.2/- each) (not annualised) | | | | | | |
| | a) Basic (Rs.) | 1.32 | 0.37 | 2.52 | 1.32 | 0.37 | 2.52 |
| | b) Diluted (Rs.) | 1.32 | 0.37 | 2.52 | 1.32 | 0.37 | 2.52 |

**Notes:**
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results for the quarter ended June 30, 2023, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchanges websites (www.nseindia.com) and (www.bseindia.com) and the Company's website (www.kmsugar.com).
2. The financial results of the Company has been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind AS) notified under the Companies (Accounting Standards) Rules, 2015 as amended by the Companies (Indian Accounting Standards) (Amendment) Rules, 2016 and other accounting principles generally accepted in India.
3. Sugar being seasonal industry, the performance of the Company varies from quarter to quarter.

By Order of the Board
**For K M Sugar Mills Ltd.**
Sd/-
Aditya Jhunjhunwala
Managing Director

Date: 05.08.2023
Place: Lucknow


## नेत्र शिविर में सैकड़ों श्रमिकों का हुआ परीक्षण

**कानपुर।** लेडीज सर्कल इंडिया के तत्वावधान में शनिवार को दादा नगर स्थित सहकारी शिक्षा सदन में आयोजित नेत्र शिविर में दो सौ से अधिक श्रमिकों के साथ पचास वंचित छात्रों का नेत्र परीक्षण कर उनका इलाज किया गया। संस्थान ने इस अवसर पर जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्में भी वितरित किये। कानपुर लेडीज आइरिश सर्कल की चेयरपर्सन शगुन गुप्ता, आयुषी कपूर, आरुषि गर्ग, सुनैना जालान आदि ने शिविर के संचालन में सहायता की। राउंड टेबिल के अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता के साथ शिक्षा सदन के निदेशक कार्तिक कपूर और अन्य सदस्यों ने श्रमिकों और नेत्र परीक्षण कराने आये छात्रों को फल, चाकलेट आदि का वितरण किया।


**उत्तर मध्य रेलवे**

टेण्डर सूचना संख्या- वि0/गतिशक्ति0यू0/प्रयागराज/ई टेण्डर/2023/16 दिनांकः 02.08.2023

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य बिजली इंजीनियर/गति शक्ति यूनिट/उ0म0रे0/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न कार्य हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है

| निविदा सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | बिड सुरक्षा राशि |
|---|---|---|---|
| वि0-ग0श0यू0-कार्य ठेका-23-2023 | प्रयागराज मंडल के मानिकपुर-नैनी खण्ड में लेवल क्रासिंग नं0-405, 411, 412, 414, 410, 413, 416 और 419 पर RUB के निर्माण के कारण 25 के0वी0 ओ0एच0ई0 में संशोधन का प्रावधान। | रु0 13864981.76 | रु0 204300.00 |

कार्य अवधिः 12 महीना | बोली प्रणालीः एक पैकेट
निविदा बन्द होने की तिथि तथा समयः 28.08.2023, 14:00 बजे
निविदा खुलने की तिथि तथा समयः 28.08.2023 15:00 बजे
एलोकेशनः आर.आर.एस.के. | यूडब्ल्यूआईडी नं0ः 08.02.30.21.1.002 & 08.02.30.21.1.003

नोटः- 1. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खोलने की तिथि से 21 दिन पहले से उपलब्ध होगा। 2. उपरोक्त निविदा में ई.बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 1244/23(K)

@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


# रैगिंग का वीडियो बनाने वाले डॉक्टर ने माफी मांगी

## मुकदमा होगा वापस

**बीते साल रैगिंग का वीडियो वायरल होने का मामला**

**हैलट में सर्वर डाउन होने की समस्या जल्द होगी दूर**

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

**कानपुर।**

बीते साल जीएसवीएम मेडिकल कालेज में रैगिंग का वीडियो वायरल होने के मामले में वीडियो बनाने वाले नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. केएन कटियार ने कालेज प्रशासन से माफी मांगी है। उनका कहना है कि वीडियो पुरानी यादें ताजा करने के लिए बनाया था। रैगिंग दिखाने की मंशा नहीं थी। डॉक्टर के माफी मांगने से कालेज प्रशासन ने मुकदमा वापस लेने का निर्णय लिया है।

अक्टूबर 2022 में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें छात्र सिर झुकाए लाइन से चल रहे थे। इसमें सीनियर छात्रों पर रैगिंग करने का आरोप लगा था। वीडियो वायरल होने पर प्राचार्य डॉ. संजय काला ने इसकी जांच करायी थी, जिसमें रैगिंग की बात गलत पायी गयी। उन्होंने वीडियो वायरल करने वाले डाक्टर के खिलाफ स्वरूप नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इस मामले में बीते दिनों पूर्व छात्र डॉ. केएन कटियार प्राचार्य से मिले। उन्होंने बताया कि साल 2002 में उन्होंने यहां से एमबीबीएस की पढ़ायी पूरी की थी। बीते साल अक्टूबर में वह किसी काम से यहां आये थे। उस दौरान कुछ छात्र लाइन से चलते नजर आये तो पुरानी यादें ताजा करने के लिए वीडियो बना लिया। उस वीडियो को पूर्व छात्रों के ग्रुप में डाल दिया था। इसके बाद किसी ने इसे वायरल कर दिया। जबकि बच्चों की रैगिंग नहीं चल रही थी।

शनिवार को मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने बताया कि डॉ. कटियार ने लिखित माफी मांगी है। उन्होंने गलत मंशा से वीडियो नहीं बनाया था। इसलिए मुकदमा वापस लिया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि जीएसवीएम मेडिकल कालेज व सम्बद्ध अस्पतालों में जल्द सर्वर डाउन होने की समस्या दूर हो जाएगी। यहां जियो, एयरटेल व एक अन्य कंपनी के कनेक्शन लिये जाएंगे।

# K.M. SUGAR MILLS LIMITED

**CIN No.:L15421UP1971PLC003492**

Regd. Office:11, Moti Bhawan, Collectorganj, Kanpur-208 001 (U.P.)

email: kmsugar@gmail.com, website: www.kmsugar.com

Phone: Regd. Office: 0512-2310762, Branch Office: 0522-4079561

**Extract of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter ended June 30, 2023**

(Rs. in lakhs, except EPS data)

| Sl. No. | Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended 30.06.2023 (Unaudited) | Quarter Ended 30.06.2022 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2023 (Audited) | Quarter Ended 30.06.2023 (Unaudited) | Quarter Ended 30.06.2022 (Unaudited) | Year Ended 31.03.2023 (Audited) |
| 1. | Total income from operations | 25,228 | 13,867 | 58,689 | 25,228 | 13,867 | 58,689 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period/year (before tax & exceptional items) | 1,672 | 472 | 3,133 | 1,672 | 472 | 3,133 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period/year before tax (after exceptional items) | 1,672 | 472 | 3,133 | 1,672 | 472 | 3,133 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period/year after tax (after exceptional items) | 1,219 | 338 | 2,321 | 1,219 | 338 | 2,321 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period/year [Comprising Profit/(Loss) for the period/year (after tax) & Other Comprehensive Income (after tax)] | 1,219 | 338 | 2,293 | 1,219 | 338 | 2,293 |
| 6. | Equity share capital | 1,840 | 1,840 | 1,840 | 1,840 | 1,840 | 1,840 |
| 7. | Other Equity | | | 25,686 | | | 25,686 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs.2/- each) (not annualised) | | | | | | |
| | a) Basic (Rs.) | 1.32 | 0.37 | 2.52 | 1.32 | 0.37 | 2.52 |
| | b) Diluted (Rs.) | 1.32 | 0.37 | 2.52 | 1.32 | 0.37 | 2.52 |

**Notes:**

1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results for the quarter ended June 30, 2023, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchanges websites (www.nseindia.com) and (www.bseindia.com) and the Company's website (www.kmsugar.com).
2. The financial results of the Company has been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind AS) notified under the Companies (Accounting Standards) Rules, 2015 as amended by the Companies (Indian Accounting Standards) (Amendment) Rules, 2016 and other accounting principles generally accepted in India.
3. Sugar being seasonal industry, the performance of the Company varies from quarter to quarter.

By Order of the Board
**For K M Sugar Mills Ltd.**
Sd/-
Aditya Jhunjhunwala
Managing Director

Date: 05.08.2023
Place: Lucknow

# ORIX LEASING & FINANCIAL SERVICES INDIA LIMITED

(formerly known as OAIS Auto Financial Services Limited)
(A Subsidiary of ORIX Auto Infrastructure Services Limited)
**Regd. Office :** Plot No. 94, Marol Co-operative Industrial Estate, Andheri-Kurla Road, Andheri (E), Mumbai - 400 059
Tel.: + 91 22 2859 5093 / 6707 0100 | Fax: +91 22 2852 8549
Email: info@orixindia.com | www.orixindia.com | CIN: U74900MH2006PLC163937

**POSSESSION NOTICE**
**[RULE 8(1) SECURITY INTEREST (ENFORECEMENT) RULES, 2002]**

Whereas, the undersigned being the authorised officer of **ORIX Leasing & Financial Services India Limited,** under the Securitization And Reconstruction Of Financial Assets And Enforcement Of Security Interest Act, 2002, and in exercise of powers conferred by section 13(12) of the said act read with rule 9 of THE SECURITY INTEREST (ENFORCEMENT) RULES, 2002 issued a notice dated **17.05.2023** calling upon **YUVRAJA SIDDHARTHA SINGH, GAURI AVARSEKAR** as borrower/co-borrowers/ mortgagers to repay the amount mentioned in the notice being **Rs.1,63,05,920.12/- (Rupees One Crore Sixty Three Lac Five Thousand Nine Hundred Twenty and Twelve Paise Only)** within 60 days of the receipt of the said notice together with further interest and other charges from the date of demand notice till the date of payment/realization.

1.The borrowers and co-borrowers despite being served with the said notice and having failed to repay the entire notice amount together with further interest and other charges, notice is hereby given to the borrowers and public in general that the undersigned has taken symbolic possession of the property described here in under in exercise of powers conferred on him/her under section 13(4) of the said act read with rule 9 of the said rules on **04-Aug-2023.**

